भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1007

05 फरवरी 2026, को उत्तर दिए जाने के लिए

दिल्ली-मेरठ आरआरटीएस

1007. श्री रामवीर सिंह बिधूड़ीः

क्या आवासन और शहरी कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) दिल्ली-मेरठ आरआरटीएस (नमो भारत) परियोजना सराय काले खान स्टेशन से कब तक शुरू होने की संभावना है;

(ख) इस परियोजना में लगातार हो रही देरी के क्या कारण हैं; और

(ग) सराय काले खान से मेरठ तक आरआरटीएस के संचालित होने के बाद इस खंड पर प्रतिदिन यात्रा करने वाले यात्रियों की अनुमानित संख्या कितनी है?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री

(श्री तोखन साहू)

(क) से (ग): 82.15 किलोमीटर की लंबाई को कवर करने वाले दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) कॉरिडोर को भारत सरकार द्वारा मार्च, 2019 में मंजूरी दी गई थी, जिसमें से 55 किलोमीटर का कॉरिडोर वर्तमान में चालू है। 31.12.2025 तक, कॉरिडोर की भौतिक और वित्तीय प्रगति क्रमशः 96.40 प्रतिशत और 90.20 प्रतिशत है। इसके अलावा, नमो भारत आरआरटीएस कॉरिडोर के लिए कार्यान्वयन एजेंसी, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम लिमिटेड (एनसीआरटीसी) ने सराय काले खां (एसकेके)-मेरठ नमो भारत आरआरटीएस कॉरिडोर पर दैनिक 1.67 लाख यात्रियों की संख्या की सूचना दी है।

*****